nandgaon times dec-05-04.qxd 12/4/2024 11:58 PM Page 1

शासन की योजनाओं से जनसामान्य... पृष्ठ 2 | डॉ. रमन सिंह ने स्व. कन्हैया... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

गुरूवार, 05 दिसंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 53, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

हमारी सरकार ने 11 महीनों में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ी निर्णायक लड़ाई - मुख्यमंत्री

मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त करने के संकल्प को पूर्ण करने तेजी से करेंगे प्रयास

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में नक्सल परिदृश्य पर बड़ी समीक्षा बैठक हुई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा सहित राज्य के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में नक्सलवाद उन्मूलन के प्रयासों के मूल्यांकन और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बैठक में कहा कि हमारी सरकार ने 11 महीनों में नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री के मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त करने के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें उसी दिशा में प्रभावी रणनीतियां तैयार करनी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल आत्मसमर्पण के लिए जनजागरूकता अभियान को और तेज करने की आवश्यकता है। बस्तर क्षेत्र के लोग अब नक्सलवाद से मुक्त होकर विकास की ओर बढ़ना चाहते हैं, जिसकी झलक हाल ही में संपन्न बस्तर ओलंपिक में भी दिखी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए 15,000 मकानों के निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि सामूहिक प्रयासों और जनभागीदारी से छत्तीसगढ़ जल्द ही नक्सलवाद मुक्त होगा। सरकार की प्राथमिकता स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर को सुधारने और विकास की नई ऊंचाइयों को हासिल करने की है। बैठक में उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए राज्य सरकार ठोस कार्रवाई कर रही है। उन्होंने सिविल सोसाइटी को अभियान से जोड़ने और नक्सलियों के आत्मसमर्पण हेतु किए जा रहे प्रयासों को तेज करने पर बल दिया। श्री शर्मा ने नक्सलियों के वित्तीय नेटवर्क को तोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव उपाय किए जाएंगे। बैठक में सुरक्षा ग्रिड का विस्तार, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नए कैंप स्थापित करना, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास और आवास संबंधी योजनाएं और ज्वाइंट एक्शन प्लान सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा, अपर मुख्य सचिव गृह श्री मनोज पिंगुवा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री प्रदीप गुप्ता, श्री एस आर पी कल्लूरी, श्री विवेकानन्द सिन्हा, श्री अमित कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत, सचिव गृह श्रीमती नेहा चम्पावत श्री हिमशिखर गुप्ता सहित अन्यअधिकारीगण उपस्थित थे।

महायुति ने राज्यपाल के सामने पेश किया सरकार बनाने का दावा, गुरूवार को सीएम पद की शपथ लेंगे देवेंद्र फडणवीस

मुंबई। महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में देवेंद्र फडणवीस के चयन के बाद महायुति के तमाम नेताओं ने सरकार बनाने का दावा पेश किया है। शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे, भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस, एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलकर राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया है। महाराष्ट्र के भावी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मीडिया से बात करते हुए कहा, हमने राज्यपाल से मुलाकात की और राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए समर्थन पत्र सौंपा। हमारे गठबंधन सहयोगियों शिवसेना और एनसीपी ने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि मुझे महायुति के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई जाए। राज्यपाल ने अनुरोध स्वीकार कर लिए हैं और उन्होंने हमें कल शाम 5.30 बजे शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने आगे कहा, नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह कल शाम 5 दिसंबर शाम 5.30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में होगा। हम शाम तक तय कर लेंगे कि कल कौन-कौन शपथ लेंगे। कल मैंने एकनाथ शिंदे से मुलाकात की और उनसे अनुरोध किया कि महायुति कार्यकर्ताओं की इच्छा है कि वह इस सरकार में हमारे साथ रहें। मुझे पूरा विश्वास है कि वह हमारे साथ रहेंगे। हम महाराष्ट्र की जनता से किए गए वादे पूरे करेंगे। वहीं भाजपा विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए निर्मला सीतारमण ने कहा, मैं सभी निर्वाचित विधायकों को बधाई देती हूं। मैं विधायक दल के नेता के रूप में चुने जाने पर देवेंद्र फडणवीस को बधाई देती हूं। इस चुनाव में 14 करोड़ मतदाताओं का जनादेश पूरे भारत के लिए एक संदेश है।

कांग्रेस नेताओं ने किया धान खरीदी केंद्रो का निरीक्षण, किसानों से मिले

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिले में धान खरीदी केंद्र चलो अभियान शुरू की गई। इस दौरान खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के खरीदी केंद्रों में जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू,लादूराम तुमरेकी,राजकुमार सिन्हा, पुरन नेताम, हेमलता बंजारे,रोशन साहू पहुंचे।जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने किसानों से चर्चा की। महाराजपुर, शिथरातोला,शिकारीमाहका,भोलापुर सहित विभिन्न धान खरीदी केंद्रों के निरीक्षण के बाद जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने कहा कि समस्त खरीदी केंद्रों में भारी अव्यवस्था सामने आई है। किसानों को परेशान किया जा रहा है। धान खरीदी केंद्रों में टोकन नहीं कट रहा है। धान खरीदी केंद्रों से एक दाना धान का उठाव नहीं किया गया है। खरीदी केंद्रों की स्थिति देखकर ऐसा लग रहा है कि राज्य सरकार किसानों से पूरा धान खरीदना नहीं चाहती। धान बेचने के लिए किसानों को काफी परेशानी हो रही है। किसानों को 3100 के जगह 2300 रुपए का भुगतान किया जा रहा है।ऑनलाइन टोकन नहीं मिलने से किसान सोसायटी का चक्कर काटने विवश हो रहे हैं, अतिरिक्त राशि व समय चॉइस सेंटरों में लग रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के अधिकार के लिए कांग्रेस लड़ती रहेगी, किसानों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि खरीदी केंद्र के व्याप्त व्यवस्थाओं पर कहा कि सरकार सुनियोजित तरीके से किसानों को परेशान कर रही है।

कलेक्टर ने टीबी मुक्त भारत अभियान के संबंध में अंतर विभागीय बैठक ली

7 दिसंबर से 24 मार्च तक टीबी मुक्त भारत अभियान

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन के तहत 2025 तक टीबी उन्मूलन के लक्ष्य के के तहत टीबी मुक्त भारत अभियान के संबंध में अंतर विभागीय बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने टीबी मुक्त भारत अभियान में जन भागीदारी के लिए कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि, स्वयं सेवी संगठन, स्वास्थ्यकर्मी, मितानिन को अपना योगदान देने और टीबी मुक्त जिला बनाने में बेहतर कार्य करने की अपील की है। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि 7 दिसंबर से 24 मार्च तक टीबी मुक्त भारत थीम पर जन भागीदारी से टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 7 दिसंबर को अभियान का शुभारंभ होगा एवं 8 दिसंबर को समुदाय के लोगों को निक्षय मित्र बनाने प्रेरित किया जाएगा। अभियान के तहत 23 से 31 दिसंबर तक जनप्रतिनिधि एवं जनसमुदाय के सहयोग से टीबी, मलेरिया, कुष्ठ के संबंध में जागरूक किया जाएगा। टीबी मुक्त भारत अभियान में जिले के सभी शासकीय विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन भी अपनी सहभागिता निभाएंगे। जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री संदीप ताम्रकार ने बताया की टीबी मुक्त भारत अभियान घर घर सर्वे किया जाएगा, जिसमें लोगों की स्क्रीनिंग निर्धारित प्रारूप में की जाएगी। अभियान के संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

सेवा सहकारी समिति मुढ़ीपार के अध्यक्ष ने लिया शपथ

खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)। मुढ़ीपार के सेवा सहकारी समिति में नवनियुक्त अध्यक्ष नरोत्तम सिन्हा के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

मंगलवार को किया गया। अतिथियो ने अध्यक्ष को शपथ दिलाया और बधाई दिया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह जिला पंचायत उपाध्यक्ष, घम्मन साहू सभापति जिला पंचायत, विशिष्ट अतिथि तोप सिंह, टीलेश्वर साहू, खुमान देश लहरे, संतोष सिन्हा, गोरेलाल वर्मा, संतोष कर्ष, सुनील जैन, उदयलाल वर्मा, पंकज सिंह ठाकुर, पंचू राम साहू, डा. बिसेसर साहू, पुष्पराज सिंह, डी.आर. निर्मलकर, मानिक यदु, गणेश पटेल, हरिराम साहू, पुरुषोत्तम साहू, कुमेश साहू, किशोर साहू, शशीष साहू, खेम सिन्हा एवं समस्त समिति कर्मचारी एवं किसान बंधु उपस्थित थे।

महाराष्ट्र का धान पनियाजोब के नाके में पकड़ा गया

300 क्विंटल धान की बनाई गई जप्ती

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। 18 चक्का ट्रक में सरेआम धान का परिवहन करते हुई पनियाजोब नाके में मंडी उपनिरीक्षक के द्वारा पकड़कर वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी. अधिकारियों की जांच में यह पाया गया कि जिस धान का परमिशन कलेक्टर एवं फूड विभाग के द्वारा दिया गया था उसकी जगह मिक्स मोटा धान ले जाया जा रहा था. अधिकारियों के द्वारा जांच व पूछताछ करने पर ट्रक का मालिक व ड्राइवर संतोष गढ़ेसर निवासी बालाघाट ने अपने बयान में बताया कि इस रास्ते पहली बार धान भरकर कुरुद के लिए जा रहा था इससे पहले चिचोला बोर्डर से अनेकों बार कुरुद के लिए धान भरकर जा चुका है. ड्राइवर व वाहन मालिक की मानें तो चिचोला बोर्डर से रोजाना सैकड़ों की संख्या में धान भरकर बोर्डर पार कर रही है. मिली जानकारी में ट्रक क्रमांक ष्ट.त्र 04 क्ष्ड 0551 में 424 कट्टा धान प्रति कट्टा 80 से 85 किलो भर्ती कुल 30 टन धान महाराष्ट्र स्थित तुमसर की मंडी से धान भरकर एस एस ट्रेडर्ड कुरुद के लिए ले जा रहा था. मौके पर अतिरिक्त तहसीलदार कमल किशोर साहू, मंडी सचिव बसंत कुमार ठाकुर, मंडी निरीक्षक ईश्वरी प्रसाद चंद्राकर, उपनिरीक्षक छाया इसदा, जिला खाद्य निरीक्षक हितेश मानिकपुरी, दौलत लाउत्रे एलडीसी मंडी, अक्षय कोचाची वन नाका चौकीदार, रधुवीर सिंग नगर सैनिक उपस्थित थे. गाड़ी तथा धान को जप्ती बनाकर मंडी अधिनियम की धारा 23 व 19(4) के तहत कार्यवाही कर धान से भरे ट्रक को बोरतलाव थाने के सुपुर्द कर दिया गया है.

श्रीमद देवी भागवत सुनने से मिलती है मोक्ष की प्राप्ति : आचार्य पं. युवराज पाण्डेय

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राजनांदगांव ब्लॉक के डुमरडीहकाल में कथा के तीसरे दिन हजारों की संख्या में भक्तों ने आचार्य पं. युवराज पाण्डेय के श्रीमुख से कथा का श्रवण किया गया। भागवत कथा के तीसरे दिन की शुरुआत भागवत आरती और देवी जसगीत के साथ किया गया। आचार्य पं. युवराज पाण्डेय ने अपने कथा में कहा कि भगवान को सृष्टि रचना किये तो उन्हें भी गुरु की जरूरत पड़ी, बिना गुरु के कोई भी कार्य संभव नहीं है। जीवन में हमको गुरू अवश्य बनाना चाहिए। कथा में हयग्रीव अवतार, व्यास तपस्या, शुकदेव जन्म, सर्वेश्वर सदा शिव की स्तुति, मां जगदम्बा की स्तुति जसगीत के माध्यम से किये, जो व्यक्ति श्रीमद् देवी भागवत की कथा सुनते है, उन्हें जन्म और मृत्यु से मुक्ति पा लेते है। कथा के अंतिम में पूजा-अर्चना कर हरि नाम कीर्तन के साथ व देवी की पचरा जसगीत के साथ किया गया, जिसमें कथा में उपस्थित श्रोताओं ने संगीत में जमकर झूमे माता के जयकारे से कथा पंडाल गूंज उठे। आचार्य पं. युवराज पाण्डेय के साथ पंडित कामेश पाण्डेय, पंडित अमित शुक्ला, पंडित तरूण दुबे, पंडित चिरंजीवी, पंडित दिवाकर, पंडित नीरज पाण्डेय सहित 11 पंडित द्वारा प्रतिदिन सुबह 8 से 10 एवं शाम 6 बजे से चंडी महायज्ञ आयोजित किया जा रहा है। क्षेत्रीय जनपद सदस्य सभापति ओमप्रकाश साहू, डुमरडीहकला सरपंच जजमान दिनेश सिंह ठाकुर-सुनीता ठाकुर ने समस्त धर्मप्रेमियों को चंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् देवी भागवत में उपस्थित होने की अपील किये है।

शंकराचार्य ने रायपुर में बांग्लादेश, चिन्मय दास महाराज और 'एक है तो सेफ है' नारे पर दिया बड़ा बयान

रायपुर। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्री: अविमुक्तेश्वरानंद: सरस्वती जी महाराज आज अल्पकालीन प्रवास पर रायपुर पहुंचे हैं, जहां विमानतल पर शंकराचार्य महाराज का सैकड़ों भक्तों ने ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया। इस दौरान जगद्गुरु शंकराचार्य मीडिया से रूबरू हुए। शंकराचार्य ने बांग्लादेश को लेकर एक बड़ा बयान दिया यही नहीं उन्होंने एक है तो सेफ है, बटोगे तो कटोगे जैसे नारे को लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताया।

शंकराचार्य बोले - भारत सरकार को दबाव बनाना चाहिए ..

शंकराचार्य ने बांग्लादेश को लेकर एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि ब्रह्मदेश जो आज बांग्लादेश है, के लिए भारत सरकार को दबाव बनाना चाहिए। शंकराचार्य का कहना था कि यदि बांग्लादेश हिंदुओं को भारत आने की अनुमति नहीं देता, तो भारत में रह रहे बांग्लादेशी मुसलमानों को वापस बांग्लादेश भेज दिया जाना चाहिए।

शंकराचार्य ने बांग्लादेश में हो रहे प्रदर्शनों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह माहौल राजनैतिक लाभ के लिए बनाया जा रहा है। उन्होंने भारत सरकार से निर्णय लेने की अपील की, क्योंकि सरकार के पास बहुमत है। इसके अलावा, चिन्मय दास महाराज को लेकर शंकराचार्य ने कहा कि वह इस्कॉन संस्था का सदस्य होने के बावजूद बहिष्कृत हो गए हैं, लेकिन वह हमारे हैं और उन्होंने कोई अपराध नहीं किया।

चिन्मय दास महाराज को वकील मुहैया कराए भारत सरकार

शंकराचार्य ने भारत सरकार से एक बड़ी मांग की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में बंद चिन्मय दास महाराज को वकील मुहैया कराया जाए, क्योंकि उनके पहले वकील को मार दिया गया था और दूसरे वकील पर भी हमले हो रहे हैं। शंकराचार्य ने सरकार से यह अपील की कि चिन्मय दास महाराज की जमानत सुनवाई के लिए वकील उपलब्ध कराया जाए।

राहुल गांधी के संभल दौरे पर शंकराचार्य की प्रतिक्रिया

शंकराचार्य ने संभल में राहुल गांधी के दौरे पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि नेताओं का दौरा केवल राजनीति चमकाने के उद्देश्य से होता है। उन्होंने यह भी कहा कि नेताओं के आने से किसी भी मामले का वास्तविक समाधान नहीं होगा, और यह केवल एक राजनीतिक प्रदर्शन है।

बाबा बागेश्वर की यात्रा पर शंकराचार्य का बयान

शंकराचार्य ने बाबा बागेश्वर द्वारा जाति-पात खत्म करने और भेदभाव मिटाने को लेकर की गई यात्रा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जात-पात हिन्दू धर्म की पहचान है और इसे खत्म करना गलत होगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि जाति, वर्ण और आश्रम को खत्म किया गया, तो इससे धर्मान्तरण बढ़ेगा। शंकराचार्य ने अपने गेरुआ वस्त्रों और वर्ण को पहचान का हिस्सा बताते हुए कहा कि हिन्दू धर्म को कोई भी नहीं बदल सका है।

गौ-माता को राजकीय माता घोषित करने में हिचकिचा रहे सीएम साय

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गौ माता को राजकीय माता घोषित करने में हिचकिचा रहे हैं, क्योंकि उनका वोट बैंक प्रभावित हो सकता है। इसके साथ ही, शंकराचार्य ने बताया कि महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को गौ माता का आशीर्वाद मिला, जिससे वहां की सरकार को ऐतिहासिक सफलता मिली। उन्होंने सभी मुख्यमंत्री से गौ माता को राजकीय माता का दर्जा देने की अपील की।

एक है तो सेफहै, बटोगे तो कटोगे जैसे नारे पर कड़ा बयान

शंकराचार्य ने एक है तो सेफहै, बटोगे तो कटोगे जैसे नारे पर कड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि यह धमकी देना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। शंकराचार्य ने यह भी कहा कि वोट देने के लिए लोगों को धमकाया नहीं जा सकता और यह नारा सीधा चुनाव प्रक्रिया पर हमला कर रहा है। उन्होंने चुनाव आयोग, राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट से इस मुद्दे पर बोलने की अपील की।

nandgaon times dec-05-04.qxd 12/4/2024 11:58 PM Page 2

शासन की योजनाओं से जनसामान्य को अधिक से अधिक लाभान्वित करने की जरूरत : जिले के प्रभारी सचिव अविनाश चंपावत

प्रभारी सचिव ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की, शासन की विभिन्न योजनाओं का होना चाहिए प्रभावी क्रियान्वयन, - अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जिले में जल संरक्षण पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिले के प्रभारी सचिव श्री अविनाश चंपावत ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कार्यों एवं उनके प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रभारी सचिव ने कहा कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर होना चाहिए और उनका लाभ संबंधित जनसामान्य को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले में जल संरक्षण पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। जहां पर भी जल संरक्षण के कार्य हो रहे हैं, वहां पर स्वसहायता समूहों द्वारा मत्स्य पालन की भी व्यवस्था की जानी चाहिए, जिससे लोगों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि जिले में किसानों द्वारा व्यापक तौर पर धान की खेती की जाती है और इसके लिए अधिक मात्रा में जल का उपयोग होता है, इससे भू-जल के स्तर में गिरावट आती है। इसके लिए कृषि विभाग और उसके मैदानी अमलों द्वारा कम जल में उत्पादित होने वाले फसलें जैसे चना, अरहर, रागी, बाजरा, मक्का, तिलहनी एवं लघु धान्य फसलों की खेती करने के लिए किसानों को प्रेरित करना चाहिए। इससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। श्री चंपावत ने जल संसाधन विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जहां भी जलाशयों से तालाबों को भरा जाता है, वहां नाली इत्यादि की पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि पानी की पूर्ण उपयोगिता के साथ सिंचाई भी हो सके।

जिले के प्रभारी सचिव श्री अविनाश चंपावत ने कहा कि श्रम विभाग संचालित

योजनाओं के तहत श्रम अधिकारी अधिक से अधिक श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पंजीयन के साथ प्रशिक्षण से भी जोड़े और उन्हें लाभ दिलाएं। उन्होंने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत युवाओं को प्रशिक्षण देने और रोजगार से जोडऩे के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में गिरते भू-जल को देखते हुए जल संरक्षण के लिए नरेगा सहित अन्य मदो से कार्य किया गया है। यहां धान की जगह अन्य कम जल उपयोगिता वाली विभिन्न फसले लेने के लिए किसानों को प्रेरित भी किया जा रहा है। इसके अलावा जल शक्ति अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्य कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि कुपोषण को दूर करने के लिए जिले में पोट्ठ लईका पहल की शुरूआत की गई है और इसमें सफलता भी मिल रही है। जिले के विद्यालयों में स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। उन्होंने अन्य विभागों के विशेष कार्यों का भी उल्लेख किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने जिले में पुलिस विभाग के संबंधित कार्य के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के अलावा साईबर अपराध को रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए सतत रूप से अभियान चलाकर साईबर अपराध से बचने के लिए लोगों को जानकारी दी जा रही है। इसके लिए वालिंटियर्स भी बनाए गए हैं, जो लोगों को जागरूक कर रहे हैं। ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कार्रवाई भी की जा रही है। जिले के प्रभारी सचिव श्री अविनाश चंपावत द्वारा ली गई बैठक में सभी विभागों की गतिविधियों की बारी-बारी से समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्य एवं योजनाओं के संबंध में प्रगति एवं इसके तहत कराए गए विशेष कार्यों अंतर्गत नरेगा जल संरक्षण एवं अन्य कार्यों का उल्लेख किया। इसके अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, मछली पालन, पशुधन, श्रम, खनिज, खाद्य, राजस्व, क्रेडा, विद्युत, व्यापार एवं उद्योग, समाज कल्याण, लोक निर्माण विभाग, आदिवासी विकास, योजना एवं सांख्यिकीय सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

पुलिया निर्माण, खड़ी फसल चोरी की जांच,महतारी वंदना राशि दिलाने मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने मंगलवार कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन आमजन की समस्याएं गंभीरता सुनी। वही जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का शीघ्र और नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन के दौरान बाजार अतरिया निवासी देवंतीन वर्मा ने पटवारी से संबंधित अपनी शिकायत रखी। छुईखदान तहसील के ग्राम हाटबंजा निवासी जुगनू ने वेतन न मिलने की समस्या बताई। गंडई तहसील के ग्रम सेतवा निवासी दशरथ मरार ने नया पट्टा प्रदान करने का अनुरोध किया। ग्राम केशला निवासी निरंजन यादव ने वार्ड नंबर से संबंधित अपना आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह ग्राम जालबांधा निवासी कुमारी बाई वर्मा ने महतारी वंदना योजना की राशि दिलाने की मांग की। वही ग्राम बफ्रा निवासी दुर्गा वर्मा ने कृषि भूमि से खड़ी फसल चोरी को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। कटंगी खुर्द के कृषकों ने आने-जाने के लिए पुलिया निर्माण की मांग की और छुईखदान सहकारी समिति ने बुनाई प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन किया। कलेक्टर वर्मा ने सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि जिले के नागरिकों को उनकी समस्याओं का समाधान समय पर मिले।



शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्रबंधक कार्यकारिणी समिति मिले वित्तीय अधिकार

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने वर्चुअल बैठक में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के प्रबंधक कार्यकारिणी समिति को 2 करोड़ रूपए की वित्तीय अधिकार दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के प्रबंधक कार्यकारिणी समिति के सदस्य कलेक्टोरेट सभाकक्ष से वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। उल्लेखनीय है कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के जीर्णोद्धार, मरम्मत एवं आवश्यक उपकरण सामग्री की स्थानीय स्तर पर खरीदी पूर्ण की जा सके, इसके लिए समिति के अनुमोदन से वित्तीय अधिकार प्रदान किए गए हैं। इसके साथ ही एक नई वित्तीय समिति का गठन कर 10 लाख रूपए तक की राशि का खर्च का अधिकारी स्थानीय स्तर पर किये जाने का शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के कोष में वृद्धि हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

शुभांक

3-7-0

138-2 380-1

भाग्यांक

560-1 277-6

कई केंद्रो में धान खरीदी ठप्प, भटकते रहे किसान

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। धान का उठाव नहीं होने के कारण धान खरीदी केंद्रो में जाम की स्थिति निर्मित होने से कई सेंटरों में आज खरीदी बंद रही तो दूसरी ओर अन्य सोसाइटीयो की स्थिति खस्ताहाल होने के कगार पर है.

धान का उठाव नहीं होने के कारण किसान तथा समिति प्रबंधकों के माथे पर चिंता की लकीर साफतौर पर दिखाई देने लगा है. प्राप्त समाचार में बताया गया कि धान खरीदी केंद्र अछोली, बेलगांव, मुसरा, पनियाजोब की सोसाइटी में आज सुबह से ही धान खरीदी नहीं हो पाया है. किसान टोकन कटने के बाद भी अपना धान नहीं बेच पा रहा है तो दूसरी ओर कोल्हियापुरी, मुड़पार, मेढा, रंगकठेरा, लालबहादुर नगर, महाराजपुर, लालुटोला, चारभांठा, कनेरी, बागरेकसा, ठाकुरटोला, भोथली, ढारा, मोहारा, रूंवातला, भंडारपुर, मुड़ीपार धान खरीदी केंद्रो में धान का उठाव प्रारम्भ नहीं हुआ तो दो दिन के बाद इन धान खरीदी केंद्रो में भी बंद करने की स्थिति निर्मित हो जायेगी. धान का परिवहन नहीं होने के कारण खरीदी केंद्रो में जाम की स्थिति निर्मित होने से कई सेंटरों में आज खरीदी बंद रही तो दूसरी ओर अन्य सोसाइटीयो की स्थिति खस्ताहाल होने के कगार पर है. धान का उठाव नहीं होने के कारण किसान तथा समिति प्रबंधकों के माथे पर चिंता की लकीर साफ तौर पर दिखाई देने लगा है. प्राप्त समाचार में बताया गया कि धान खरीदी केंद्र अछोली, बेलगांव, मुसरा, पनियाजोब की सोसाइटी में आज सुबह से ही धान खरीदी नहीं हो पाया है. किसान टोकन कटने के बाद भी अपना धान नहीं बेच पा रहा है तो दूसरी ओर कोल्हियापुरी, मुड़पार, मेढा, रंगकठेरा, लालबहादुर

नगर, महाराजपुर, लालुटोला, क्द्यडुह्ल-द्धशह्द्ध, कनेरी, बागरेकसा, ठाकुरटोला, भोथली, ढारा, मोहारा, रूंवातला, भंडारपुर, मुड़ीपार धान खरीदी केंद्रो में धान का उठाव प्रारम्भ नहीं हुआ तो दो दिन के बाद धान खरीदी केंद्रो में भी बंद करने की स्थिति निर्मित हो जायेगी प्रायडोंगरगढ़ - धान का उठाव नहीं होने के कारण धान खरीदी केंद्रो में जाम की स्थिति निर्मित होने से कई सेंटरों में आज खरीदी बंद रही तो दूसरी ओर अन्य सोसाइटीयो की स्थिति खस्ताहाल होने के कगार पर है. धान का उठाव नहीं होने के कारण किसान तथा समिति प्रबंधकों के माथे पर चिंता की लकीर साफतौर पर दिखाई देने लगा है. प्राप्त समाचार में बताया गया कि धान खरीदी केंद्र अछोली, बेलगांव, मुसरा, पनियाजोब की सोसाइटी में आज सुबह से ही धान खरीदी नहीं हो पाया है. किसान टोकन कटने के बाद भी अपना धान नहीं बेच पा रहा है तो दूसरी ओर कोल्हियापुरी, मुड़पार, मेढा, रंगकठेरा, लालबहादुर नगर, महाराजपुर, लालुटोला, Platorm, कनेरी, बागरेकसा, ठाकुरटोला, भोथली, ढारा, मोहारा, रूंवातला, भंडारपुर, मुड़ीपार धान खरीदी केंद्रो में धान का उठाव प्रारम्भ नहीं हुआ तो दो दिन के बाद धान खरीदी केंद्रो में भी बंद करने की स्थिति निर्मित हो जायेगी प्राय: प्राय: सभी धान खरीदी केंद्रो बम्पर लिमिट के मापदंड के विरुद्ध 6 से 7 गुना अधिक मात्रे में धान की खरीदी केंद्रो में हो चुकी है परंतु इस समस्या को दूर करने वाले दूर दूर तक दिखाई नहीं दे रहे है. इसको लेकर मनोज मरकाम से चर्चा करने पर बताया गया कि सभी केंद्रो के लिए डीओ कट चुका है मामले की जानकारी ले बताता हूँ.

विश्व एड्स दिवस पर समता जन कल्याण समिति ने नगर में किये विभिन्न आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। समता जन कल्याण समिति, राजनांदगांव के द्वारा विश्व एड्स दिवस पर एचआईवी एड्स कि रोकथाम हेतु आज शहर में बाईक रैली का आयोजन किया गया रैली मे कुल 35 बाइकरस् ने भाग लिया विभिन्न स्लोगन एवं पोस्टर सभी बाइकरस के हाथ में थे जिसमे विशेष कर महिला एवं टासजेंडर कार्यकर्ताओं के द्वारा रैली निकाली गई, रैली को हरी झण्डी संस्था के अध्यक्ष श्री शिशुपाल खोब्रागढे जी ने दिखा कर रवाना किया रैली कमला कालेज से निकल कर महामाया चैक होते हुए नदांई चैक, गंज चैक, जयस्तम्भ चैक से हो कर भदौरिया चैक हो कर कमला कालेज चैक मे समापन किया गया। जहा पर संस्था द्वारा स्टाल लगा कर लोगो को पाम्पलेट बाट कर रेड रिबन लगा कर जागरुक किया साथ कि रंगोली के माध्यम से भी आम नागरिक को एचआईवी के प्रति जानकारी दी गई, कमला कालेज राजनांदगांव द्वारा एनएसएस कैम्प का आयोजन ग्राम सालिक झिटिया मे किया गया है जहा पर कार्यक्रम प्रबंधक नागेश्वर मुंजारे द्वारा समाज में एचआईवी के प्रभाव, फैलने के कारण बचाओ के उपाये पर जानकारी दि गई कार्यक्रम का आयोजन नागेश्वर मुंजारे कार्यक्रम प्रबंधक लक्षित हस्तक्षेप परियोजना राजनांदगांव के द्वारा किया गया जिसमें उनकी पुरी टीम ने सहयोग दिया ।

गेंदा टोला में किसानों के हितार्थ मिट्टी परीक्षण शिविर का आयोजन

गेंदाटोला (नांदगांव टाइम्स)। साइटोलाइफ डिस्ट्रीब्यूटर त्रिपाठी कृषि केंद्र गेंदा टोला में किसानों की मदद के हितार्थ मिट्टी परीक्षण कैंप की श्रृंखला में दिनांक 6 12.2024 दिन शुक्रवार को राजनांदगांव जिले के ग्राम गेंदा टोला में *साइटों लाइफ एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड मुंबई* के द्वारा मिट्टी परीक्षण व कृषक प्रशिक्षण का कार्यक्रम रखा गया है । कंपनी के सीईओ डॉक्टर अमित त्रिपाठी मुम्बई कैंप में स्वयं उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि साइटोलाइफ पहली कंपनी है ,जिसने कृषि अस्पताल की अवधारणा लाकर एकदम सही प्रयास शुरू किया है। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारी और कृषक जन समूह में आकर अपने खेत की मिट्टी की सेहत की जांच कराए । कंपनी के विशेषज्ञों द्वारा मिट्टी का परीक्षण कर त्वरित रिपोर्ट दिया जाएगा साथ में ही समाधान भी समझाया जाएगा।

त्रिपाठी कृषि केंद्र के संचालक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि किसानों के खेत की मिट्टी की सेहत की जांच भी उतनी ही जरूरी है जितनी की मनुष्य का ब्लड टेस्ट जरुरी है फसल की उत्पादकता मिट्टी की सेहत पर निर्भर करती है , अत: मिट्टी की अम्लीयता, क्षारीयता , उदासीनता का स्तर क्या है कौन से तत्व की अधिकता या कमी है? खेत का पीएच मान कितना है? फसल की भरपूर उत्पादकता कम लागत में कैसे आएगी? उन्होंने कहा कि यह मिट्टी परीक्षण कैंप सह प्रशिक्षण शिविर का लाभ उठाकर कृषक साथी अपने मिट्टी के टेस्ट की रिपोर्ट समझ कर मिट्टी को सुधारने व पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ाने के साथ-साथ विभिन्न फसलों में रोगों से लड़ने की क्षमता व फसल का उत्पादन बढ़ाने में मदद करेगा। अत: साइटो लाइफ कंपनी ने क्षेत्र के किसान भाईयो से अनुरोध किया है , कि अधिक से अधिक संख्या में आकर उक्त शिविर का लाभ उठाएं।

नवोदय विद्यालय में मिलती है व्यक्तित्व विकास की शिक्षा - मंडल

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। नवोदय विद्यालय में व्यक्तित्व विकास पर विशेष जोर दिया जाता है यह शिक्षा का एक अभिन्न अंग है। छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास एवं नेतृत्व नैतिकता के गुण और जीवन कौशल विकास आधारित शिक्षा दी जाती है उक्ताशय की विचार व्यक्त करते हुए पीएमश्री नवोदय विद्यालय के उपप्राचार्य संजय कुमार मंडल ने बताया कि पीएमश्री नवोदय विद्यालय बालक बालिकाओं के व्यक्तित्व विकास पर जोर देता है बच्चों का सर्वांगीण विकास की मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक एवं बहुमुखी प्रतिभाओं को तराशना है। शैक्षणिक गतिविधियों का समावेश पाठ्यक्रम में होता है। खेल, कला एवं संगीत के माध्यम से संपूर्ण व्यक्तित्व विकास का विद्यालय का मुख्य लक्ष्य है इसके अलावा छात्रों को विभिन्न नेतृत्व भूमिका में रखा जाता है। जैसे विभिन्न कैप्टन इससे छात्रों में टीमवर्क एवं नेतृत्व कौशल की भावना विकसित होती है समूह कार्य एवं परियोजना कार्य में मिलजुल कर काम करना सिखाती है। आत्मविश्वास निर्माण में भी इस विद्यालय की भूमिका महत्वपूर्ण है। छात्रों की

सांस्कृतिक- सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से भी उन्हें मंच पर प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है नैतिकता पर आधारित मूल्य शिक्षा पर जोर दिया जाता है तथा प्रार्थना सभा के माध्यम से ध्यान- योग उन्हें सही निर्णय लेने और जिम्मेदार नागरिक बनने की शिक्षा देती है। जीवन कौशल की शिक्षा नवोदय विद्यालय में दी जाती है, समस्या दूर करने हेतु समय प्रबंधन, आत्मनिर्भरता एवं आत्म प्रेरणा जैसे गुण और कौशल सिखाया जाता है। खेल और शारीरिक शिक्षा के माध्यम से जीवन में अनुशासन, सहनशक्ति और टीम भावना का विकास होता है।सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास ही नवोदय विद्यालय का मुख्य उद्देश्य हैं ताकि प्रत्येक छात्र-छात्राएँ जिम्मेदार और समाज के लिए अच्छा नागरिक बने। उन्हें केवल नौकरी करने के लिए शिक्षा नहीं दी जाती है बल्कि समाज सेवा की भी शिक्षा दी जाती है ताकि भारत में खुशहाली आ सके द्य नवोदय विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है शिक्षार्थ आए, सेवार्थ जाए। उक्त जानकारी संस्था के ऊर्जावान व्यायाम शिक्षक अनिल कुमार पाल ने दी।

विभागों के लिए जमीन चिन्हांकन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए

खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट

सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जनशिकायतों एवं प्राप्त अन्य आवेदनों के निराकरण के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही प्रकरणों का समय सीमा पर निराकृत करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी तरह कलेक्टर ने हाईकोर्ट में लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। जिसमें लंबित प्रकरण, जवाबदावा प्रस्तुत होने वाले प्रकरण और कंटेप्ट लगने वाले प्रकरणों की सिलसिलेवार गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले में पिछले एक साल में हुए विकास कार्यों की विभागवार जानकारी ली। इसके अलावा राशन कार्ड नवीनीकरण, पीएम फसल बीमा योजना एवं धान खरीदी की भी गहन समीक्षा की।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

उद्घोषणा

प्र.क्र 202411091000027 अ-2 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम करमतरा, प.ह.नं. 37, रा.नि.मंडल अर्जुनी, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका कविता डागा ध.प. श्री विकास डागा, निवासी नंदई कुंआ चौक राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम करमतरा, प.ह.नं. 37, तहसील डोगरगांव स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 257/1, 257/7 रकबा 0.138, 0.146 हेक्टेयर कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 0.284 हेक्टेयर को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के अंतर्गत भूमि व्यपवर्तन की अनुज्ञा प्रदान करने हेतु संशोधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 12/12/2024 को नियत है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को जो हित रखते हो, दावा / आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 12/12/2024 को स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

जारी दिनांक 28/11/2024

सुनवाई दिनांक - 12/12/2024

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव**

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 20241109 1900072

विषयः- अ-6 अ मामले की श्रेणी - राजस्व

सनः- 2024-2025

घोरदा (प ह न. 00033),

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- गणेश राम साहू, अनावेदक पक्षकार -

ज्ञापन

प्रति, पटवारी, प.ह.नं. 33 ग्राम घोरदा तहसील डोंगरगांव। विषयः जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत।

आवेदक गणेशराम साहू आ. मेहत्तर निवासी ग्राम घोरदा तहसील डोंगरगांव के द्वारा ग्राम घोरदा तहसील डोंगरगांव में स्थित भूमि खसरा नं. 90/4, 29/5, 244/18 रकबा क्रमशः 0.024, 0.020, 0.554 हे. भूमि दर्ज व स्थित हैं। उक्त वादभूमि पर आवेदक के पिता का नाम त्रुटिवश मेहत्तर दर्ज हो गया हैं किन्तु आवेदक के आधार कार्ड एवं अन्य वैध दस्तावेज पर आवेदक के पिता का नाम जगतराम लिखा हुआ हैं। आवेदक द्वारा राजस्व अभिलेख में अपने पिता मेहत्तर लिखा है उसे मेहत्तर उर्फ जगतराम दर्ज किये जाने का आवेदन मय बी-1, आधार कार्ड के साथ पेश किया हैं।

अतः उक्त आवेदन के आधार पर वादभूमि का जांच कर जांच प्रतिवेदन पेशी दिनांक 06.12.2024 के पूर्व प्रस्तुत करें।

यह ज्ञापन मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/11/2024 को जारी किया जाता है।

सील — **तहसीलदार डोंगरगांव**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

उद्घोषणा

प्र0क्र 202411091000027 अ-2 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम करमतरा, प.ह.नं. 37, रा.नि.मंडल अर्जुनी, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका कविता डागा ध.प. श्री विकास डागा, निवासी नंदई कुंआ चौक राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम करमतरा, प.ह.नं. 37, तहसील डोगरगांव स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 257/1, 257/7 रकबा 0.138, 0.146 हेक्टेयर कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 0.284 हेक्टेयर को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के अंतर्गत भूमि व्यपवर्तन की अनुज्ञा प्रदान करने हेतु संशोधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 12/12/2024 को नियत है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को जो हित रखते हो, दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 12/12/2024 को स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

जारी दिनांक 28/11/2024

सुनवाई दिनांक - 12/12/2024

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव**

न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

-:: ईश्तहार ::-

रा.मा.क्र. श्र-202411090100007 अ/21(1) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम बरगा प.ह.नं.-20, ग्राम पनेका प.ह.नंबर 29 तथा ग्राम गठुला प0ह0नं0 32 रा.नि.मं. सुकुलदैहान तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रभिला कुजूर ध0प0 गोवर्धन कुजूर जाति उरांव, निवासी खैरागढ़ रोड पटेल पारा बोरी, राजनांदगांव द्वारा स्वयं के नाम एवं स्वामित्व की ग्राम बरगा प0ह0नं0 29 रा0नि0सं0 सुकुलदैहान तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि कुल खसरा नं0 02 कुल रकबा 1.109हे0, ग्राम पनेका स्थित कुल खसरा नं0 05 कुल रकबा 1.666, तथा ग्राम गठुला स्थित खसरा नं0 262 रकबा 0.154 हे. इस तरह तीनों ग्रामों की कुल भूमि रकबा 2.929 हे. को बच्चों की उच्च शिक्षा, नया मकान निर्माण हेतु रकम की आवश्यकता होने से गैर आदिवासी के पास उपरोक्त उपरोक्त भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु भू-राजस्व संहिता की धारा 165(6) के तहत आवेदन पत्र मय दस्तावेज के प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण माननीय कलेक्टर महोदय, राजनांदगांव के आदेश पत्र में दर्शित बिंदुओं पर जांच कर स्पष्ट अभिमत सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रकरण इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

आवेदक के स्वामित्व की उक्त आवेदित भूमि विक्रय की अनुमति प्रदाय किये जाने के संबंध में विचाराधीन प्रकरण में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में नियत आगामी सुनवाई तिथि 13/12/2024 तक लिखित में स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार अथवा सुनवाई नही की जावेगी।

अतएव उक्त ईश्तहार/उद्घोषणा आज दिनांक 29/11/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

जारी दिनांक 29/11/2024

सुनवाई दिनांक : 13/12/2024

सील — **नायब तहसीलदार राजनांदगांव**

ज्ञान मंथन

1) फर्जी एसएमएस से निपटने के लिए दूरसंचार विभाग ने 29 मई, 2024 को कौन-सी पहल शुरू की?
2) किस निजी बैंक ने लक्षद्वीप में अपनी पहली शाखा स्थापित की हैं?
3) स्टार्टअप महाकुंभ 2024 का केन्द्रीय विषय क्या है?
4) किस युद्ध से भारत में मुस्लिम शक्ति की स्थापना हुई?
5) राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) संचार साथी पहल (2) एचडीएफसी (3) भारत इनोवेट्स (4) तराइन का द्वितीय युद्ध (5) डॉ.बी.एन.गंगाधर

आपदा प्रभावित को सहायता राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत छुरिया तहसील में आग से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए की सहायता राशि आपदा प्रभावितों को स्वीकृत की है।

बाबा गुरू घासीदास जयंती पर मद्य निषेद्य दिवस 18 दिसम्बर को

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। बाबा गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसम्बर 2024 को मद्य निषेद्य दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिला स्तर पर संचालित विभिन्न विभागों के सहयोग से मद्य निषेध दिवस पर मद्यपान के विरूद्ध जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

दिवंगत गिरीश शुक्ला को लॉ कॉलेज में दी गई पुष्पांजलि

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नांदगांव शिक्षा मंडल सहित विभिन्न सामाजिक पदों एवं अन्य महत्वपूर्ण जवाबदारियों पर अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष गिरीश शुक्ला को आज पंडित किशोरीलाल शुक्ला विधि महाविद्यालय में पुष्पांजलि अर्पित की गई । दिवंगत श्री शुक्ला को श्रंद्धाजलि अर्पित करने आज नांदगांव शिक्षा मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एक शोकसभा का आयोजन शाम चार बजे विधि महाविद्यालय जी ई रोड में किया । उक्त शोकसभा में विशेष रूप से नांदगांव शिक्षा मंडल के सचिव सुरेश एच लाल , उपाध्यक्ष नन्द कुमार अग्रवाल , अशोक चौधरी , किशोर बेलावाला, शैलेन्द्र कोठारी , पुरुषोत्तम अग्रवाल , हरीश टांक, विक्की शुक्ला , रईस अहमद शकील एवं विधि महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अलका चौहान उपस्थित थीं । शोक सभा में सर्व प्रथम सचिव श्री लाल ने कहा कि दिवंगत श्री शुक्ला के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है । वे लगातार 11 वर्षों तक अध्यक्ष पद पर रहते हुए हर बेहतरी के लिए समर्पित रहे । शैलेन्द्र कोठारी ने अपनी शोकांजलि में कहा कि श्री शुक्ला ने आजीवन समाज सेवा को अपना कर्तव्य समझा । उन्होंने नांदगांव शिक्षा मंडल में जिस अध्यक्षीय कार्यकाल को संपन्न किया है वह वास्तव मे उनकी प्रबंध क्षमता को दर्शाता है । शोक सभा में अशोक चौधरी , शैलेन्द्र कोठारी , किशोर बेलावाला , हरीश खंडेलवाल , रईस अहमद शकील एवं प्राचार्य श्रीमती चौहान ने श्री शुक्ला के नि: स्वार्थ भाव से की गई समाज सेवा की सराहना करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

निधन

सदा राम साहू

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सदाराम साहू 105 वर्ष का निधन 4 दिसंबर को सुबह 8 बजे हो गया है जिनका अंतिम संस्कार पैतृक ग्राम मोहभट्ठा(रामपुर) में किया गया अंतिम संस्कार कार्यक्रम में मोहल्ले वासी सामाजिक बंधु शामिल हुए थे।

डॉ. रमन सिंह ने स्व. कन्हैया लाल तिवारी के निधन पर शोक व्यक्त किया

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिले के एक दिवसीय प्रवास पर आये छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह कल अपने व्यवस्तम दौरे के बावजूद शहर के शोक संतप्त परिवारों से मिलना नहीं भूले, वे मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के भूतपूर्व अध्यक्ष व बर्फानी आश्रम सेवा समिति के व्यवस्थापक, पूर्व ख्यातिलब्ध शिक्षक कन्हैया लाल तिवारी के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके निवास ठेठवार पारा पहुंचे तथा उन्हे शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उल्लेखनीय है कि पिछले 02 दिसंबर को कन्हैया लाल तिवारी जी का निधन हुआ था, वे शहर के जाने-माने शिक्षाविद् थे तथा जिला भाजपा की वर्तमान उपाध्यक्ष व पूर्व पार्षद आभा तिवारी के पिताश्री थे। श्री तिवारी जी के परिवार में उनके सुपुत्र अरविंद तिवारी शहर के जाने-माने अधिवक्ता है, उनकी पुत्रियां अनुपमा तिवारी महिला बाल विकास विभाग में परियोजना अधिकारी के पद पर कार्यरत है उनकी दो अन्य पुत्रियां अर्चना पांडेय व अचला शर्मा शिक्षिका के रूप में कार्यरत है। वरिष्ठ पत्रकार राजेश पाण्डे के वे ससुर भी है। डॉ. रमन सिंह ने स्वर्गीय तिवारी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये कहा कि वे शिक्षा जगत के जाने-माने हस्ती तो थे ही साथ ही वे कुशल संगठनकर्ता भी थे, उन्होंने मध्यप्रदेश व छ.ग. में शिक्षकों एक बड़ा संगठन भी खड़ा किया था। इस दौरान डॉ. सिंह के साथ श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक शर्मा, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, गौतम पारख उपस्थित थे।

33 वीं राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप छत्तीसगढ़ में कराने रखा प्रस्ताव

खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)। ऑल इंडिया कराते डू फेडरेशन द्वारा 32वीं ए आई .के. एफनेशनल कराते चैंपियनशिप का आयोजन ग्रेटर नोएडा के गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में संपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न राज्यों के लगभग 800 खिलाड़ी भाग लिये। इस चैंपियन शिप में सर्वाधिक पदक जीतकर उत्तर प्रदेश प्रथम व मध्य प्रदेश, दिल्ली क्रमश: दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे। चैंपियनशिप के दौरान आयोजित फेडरेशन के सामान्य सभा में छत्तीसगढ़ कराते संघ के सचिव अजय साहू ने भाग एवं 33 वीं राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप का आयोजन छत्तीसगढ़ में करने का प्रस्ताव रखा। इस चैंपियनशिप के पूर्व रेफ्री सेमिनार व परीक्षा का आयोजन हुआ जिसमें प्रदेश के मोहम्मद नियाज का चयन हुआ। खिलाड़ियों के रायपुर आगमन पर मंगलवार को रेलवे स्टेशन में बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। खिलाड़ियों को मिले सफ्लता पर छत्तीसगढ़ कराते संघ के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष ओ पी शर्मा, कमलेश देसाई, विवेकानंद भट्टाचार्य, योगेश राज कोटिया, नेहा पुरोहित ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इन खिलाड़ी कांस्य व रजत पदक

प्रदेश के खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 रजत व 6 कांस्य पदक जीते बालक वर्ग के व्यक्तिगत काता और फाइट में छत्रपाल साहू, पवित्र सोनकर, हर्ष अवस्थी बालिका वर्ग में कुमुद दौडिया तथा पुरुष वर्ग टीम काता में अभिषेक पांडे, भविष्य श्रीगंगे, संदीप ने फाइनल मुकाबले में कुछ अंक से पिछड़ कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता। वहीं हर्ष अवस्थी भविष्य श्रीगंगे रणवीर सिंह ठाकुर ने व्यक्तिगत वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा बालक वर्ग के टीम काता में हर्ष अवस्थी, अभिषेक व्यास, पवित्र सोनकर तथा बालिका वर्ग 18 वर्ष से अधिक टीम काता में नेहा खुटी, भूमिका ठाकुर, ट्विंकल दौडिया ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

10 वर्षों से वनांचल क्षेत्रों में लोगों के सुख-दुख के साथी बने रहें राजेश मारू

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। संस्कारधानी नगरी के बर्फानी सेवाश्रम माँ पाताल भैरवी मन्दिर समिति के अध्यक्ष राजेश मारू और (पत्रकार) कमलेश सिमनकर ने मानवसेवा में अग्रणी भूमिका निभाते हुए, विगत 10 वर्षों से वनांचल क्षेत्रों में लोगों के सुख-दुख के साथी बने रहें, अपनी परंपरा को निभाते हुए, मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी जिले के वनांचल क्षेत्र के धूर नक्सल प्रभावित अति संवेदनशील क्षेत्र पेंदोडी ग्राम पंचायत के आश्रित गांव कोहका टोला,मेटाटोडके व नैनगुड़ा जामडी पंचायत के रायमन्होरा में ठंड से बचने के लिए क्षेत्र के बच्चों और युवतियों को गर्म कपड़े, महिलाओं और बुजुर्गों को कम्बल व शाल दिए। इस पुनीत कार्य मे अन्नपूर्णा (अन्नू)जितेंद्र शर्मा एवं मन्दिर समिति के उपाध्यक्ष दीपक जोशी ने आर्थिक सहयोग कर अपना योगदान दिया।वनांचल क्षेत्र में आज भी ऐसे कई गांव है, जो जिला मुख्यालयों से कटे हुए है, इन गांवों तक पहुँचने के लिए सड़के भी नही है, पूरी तरह पहुँचविहीन मार्ग पर यहां के आदिवासी अपना जीवन जी रहे है। नही पहुंच पाती है,इन आदिवासियों तक शासन की योजनाएं। इन गांवों में रोशनी के लिए सोलर प्लेट तो लगे है, लेकिन बन्द पड़े हैं। शासन-प्रशासन को इन गांवों तक पहुंचकर यहां रह रहे आदिवासियों का सहारा बन शासकीय योजनाओं का लाभ देना चाहिए। वनांचल क्षेत्र में आदिवासियों कि सुध लेने के लिए राजेश मारू और कमलेश सिमनकर के साथ विवेक रंजन सोनी, पंकज माहेश्वरी, राजेश सोनी का सहयोग रहा।

मवेशी धर-पकड़ अभियान में निगम की टीम ने आज पकड़े 9 मवेशी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। पशु मालिकों की लापरवाही से मवेशी निगम सीमाक्षेत्र के चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी घातक है। क्योकि दुर्घटना से मवेशी घायल हो जाते है, कई मवेशियों की मृत्यु भी हो जाती है। दुर्घटना से बचाने नगर निगम द्वारा मवेशी धर पकड अभियान चलाया जा रहा है, अभियान के तहत आज चौक चौराहो में 9 घुमंतु एवं बैठे मवेशी पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस पहुँचाया गया।

मवेशियों को पकड़ने कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने उपायुक्त श्री मोबिन अली के नेतृत्व में नगर निगम की टीम गठित की है। गठित टीम द्वारा मेवशी धर-पकड़ अभियान चलाकर मवेशी मालिकों को मवेशी बांधकर रखने समझाईस दी जा रही है, समझाईस उपरांत भी कुछ मवेशी मालिक अभी भी मवेशी खुला छोड देते है, उनपर अब अर्थदण्ड अधिरोपित कर मवेशी छोडने की कार्यवाही की जाती है। गत सप्ताह गोकुल नगर वासियों की भी बैठक लेकर मवेशी सडक में नही छोडने समझाईस दी गयी थी। नगर निगम की घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज जय स्तम्भ चौक, गुरूद्वारा रोड व चौक, महावीर चौक, जी.ई.रोड, राम दरबार के पास से 9 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है एवं उन्हें छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जायेगा। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिक अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांध कर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है। अपालन की स्थिति में मवेशी मालिकों के उपर कार्यवाही करते हुये अर्थदण्ड अधिरोपित किया जायेगा।

धर्म समाचार....

एकादशी के दिन घर की तिजोरी में रख दें बस ये एक चीज, छप्पर फाड़ मिलेगा धन

हर वर्ष मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के अगले दिन मोक्षदा एकादशी मनाई जाती है। यह पर्व भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस दिन भगवान विष्णु संग मां तुलसी की पूजा की जाती है। भगवान विष्णु की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। एकादशी तिथि पर विशेष उपाय करने का भी विधान है। प्रत्येक माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित है। इस शुभ अवसर पर लक्ष्मी नारायण जी की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही मनोवांछित फ्ल की प्राप्ति के लिए एकादशी व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक पर भगवान विष्णु की विशेष कृपा बरसती है। उनकी कृपा से साधक को भूलोक पर स्वर्ग समान सुखों की प्राप्ति होती है। धन और वंश में वृद्धि होती है। सभी बिगड़े कार्य बन जाते हैं। ज्योतिष शास्त्र में एकादशी तिथि पर विशेष उपाय करने का भी विधान है। इन उपायों को करने से धन समेत सभी प्रकार की परेशानी दूर हो जाती है। अगर आप भी आर्थिक तंगी से निजात पाना चाहते हैं, तो मोक्षदा एकादशी के दिन घर की तिजोरी में इनमें से कोई एक चीज रख दें। मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि की शुरुआत 11 दिसंबर को देर रात 03 बजकर 42 मिनट पर होगी। वहीं, मोक्षदा एकादशी का समापन 12 दिसंबर को देर रात 01 बजकर 09 मिनट पर होगा। इस प्रकार 11 दिसंबर को मोक्षदा एकादशी मनाई जाएगी।

एकादशी के उपाय- अगर आप आर्थिक तंगी से निजात पाना चाहते हैं, तो मोक्षदा एकादशी के दिन पूजा के बाद घर की तिजोरी में कामधेनु गाय की प्रतिमा रख दें। आप चांदी से निर्मित कामधेनु गाय भी तिजोरी में रख सकते हैं। इस उपाय को करने से आय और सौभाग्य में वृद्धि होती है। अगर आप आय और सौभाग्य में वृद्धि पाना चाहते हैं, तो मोक्षदा एकादशी के दिन तिजोरी में मोर पंख रख दें। वास्तु जानकारों की मानें तो घर पर मोर पंख रखने से वास्तु दोष दूर होता है। साथ ही धन की परेशानी भी दूर होती है। मोक्षदा एकादशी के दिन विधि-विधान से लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करें। वहीं, पूजा के समय सात कौड़ी और एकाक्षी नारियल भगवान विष्णु को अर्पित करें। अब कौड़ी और श्रीफ्ल को पीले रंग के वस्त्र में बांधकर तिजोरी में रख दें। इस उपाय को करने से भी धन में वृद्धि होती है। भगवान विष्णु की कृपा के भागी बनने के लिए मोक्षदा एकादशी के दिन लक्ष्मी नारायण जी को तुलसी की मंजरी अर्पित करें। पूजा के बाद तुलसी की मंजरी को लाल रंग के कपड़े में बांधकर घर की तिजोरी में रख दें। इस उपाय को करने से करियर और कारोबार में मनमुताबिक सफ्लता मिलती है।

दिसंबर महीने में कब है दुर्गा अष्टमी? नोट करें शुभ मुहूर्त एवं योग

मासिक दुर्गा अष्टमी पर जगत की देवी मां दुर्गा और भगवान शिव की पूजा की जाती है। इस शुभ तिथि पर मां दुर्गा की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। इसके साथ ही जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख एवं संकट दूर हो जाते हैं। साथ ही घर में सुख समृद्धि एवं खुशहाली आती है। प्रत्येक माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा को समर्पित है। इस शुभ अवसर पर जग की देवी मां दुर्गा की पूजा की जाती है। इसके साथ ही मनचाहा वर पाने के लिए दुर्गा अष्टमी का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक के सकल मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं। साथ ही मां दुर्गा की कृपा से सभी बिगड़े काम बन जाते हैं। अत: साधक श्रद्धा भाव से मां दुर्गा की पूजा-उपासना करते हैं। तंत्र सीखने वाले साधक दुर्गा अष्टमी पर मां दुर्गा की कठिन साधना करते हैं। आइए, दिसंबर माह की दुर्गा अष्टमी की तिथि एवं शुभ मुहूर्त जानते हैं-

दुर्गा अष्टमी शुभ मुहूर्त - वैदिक पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि की शुरुआत 08 दिसंबर को भारतीय समयानुसार सुबह 09 बजकर 44 मिनट पर होगी। वहीं, अष्टमी तिथि की समाप्ति 09 दिसंबर को सुबह 08 बजकर 02 मिनट पर होगी। निशा काल में जगत की देवी मां दुर्गा की पूजा की जाती है। अत: 08 दिसंबर को दिसंबर महीने की दुर्गा अष्टमी मनाई जाएगी।**मासिक दुर्गा अष्टमी शुभ योग-** ज्योतिषियों की मानें तो मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर वणिज एवं बव करण का निर्माण हो रहा है। बव करण के दौरान मां दुर्गा की पूजा की जाएगी। वहीं, साधक प्रात: काल में भी वणिज करण के दौरान जगत की देवी मां दुर्गा की पूजा कर सकते हैं। इस शुभ अवसर पर शतभिषा नक्षत्र का संयोग बन रहा है। साथ ही अभिजीत मुहूर्त का निर्माण हो रहा है। इन योग में मां दुर्गा की पूजा करने से साधक ही हर मनोकामना पूरी होगी। साथ ही जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख एवं संकट दूर हो जाते हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के सभी 27 केन्द्रो में धान खरीदी बंद

धान उपार्जन केन्द्रो से धान का उठाव व परिवहन नही होने से नाराज सहकारी समिति ने किया धान खरीदी का बहिश्कार, जिले के धान खरीदी केन्द्रो से बिना धान बेचे 1100 किसान बैरंग लौटे , किसान हताश व परेषान

जिला कांग्रेस ने धान खरीदी प्रारंभ करने व किसानो की समस्याओ के निराकरण को लेकर 6 दिसंबर को जिला मुख्यालय में चक्काजाम की दी चेतावनी

अफशान खान

अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)। नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ चौकी में बुधवार से धान खरीदी बंद हो गई है। धान उपार्जन केन्द्रो में धान का उठाव व परिवहन नही होने से आ रही समस्याओ से परेषान जिले के सहकारी समिति युनियन ने धान खरीदी का बहिश्कार कर दिया है। इधर जिले के सभी उपार्जन केन्द्र में एक साथ धान खरीदी बंद किए जाने से प्रषासन बैकफूट पर आ गई है। और किसान बैठे बिठाए अपना उपज बेचने के लिए परेषान हो रहे है। धान खरीदी बंद होने से जिले में ऐसे हालात निर्मीत हो गए है की षासन प्रषासन से जुडे जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधी किसानो के सवालो का सामना नही कर पा रहे है।

जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने 29 नवंबर को कलेक्टर , जिला खाद्य अधिकारी व जिला विपणन अधिकारी को ज्ञापन सौपकर जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रो में धान का उठाव व परिवहन नही होने से केन्द्रो में आ रही समस्याओ की जानकारी जिले के अफ्सरो को दी थी। जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ के प्रमुख भाईलाल देवागन, रहमतुल्ला कुरैषी, गिरधर साहू, रामकिषोर बंसोड, केमन साहू, दुर्गेष कटेंगा, नंदलाल महाडोरे इत्यादि प्रमुख पदाधिकारियो ने जिले के अफसरो को अपना दुखडा सुनाते हुए यह चेतावनी दी थी की यदि 3 दिसंबर तक केन्द्रो से धान का उठाव व परिहवन नही किया जाता है तो 4 दिसंबर से जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रो में धान खरीदी बंद कर दी जाएगी। लेकिन जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ की चेतावनी को जिला प्रषासन ने गंभीरता से नही लिया और केन्द्रो से धान का उठाव व परिवहन षुरू नही हुआ तो 4 दिसंबर से जिले के सभी 27 केन्द्रो में जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने अपने अल्टीमेंट के अनुसार धान खरदी बंद कर दी। इधर धान खरीदी बंद कर दिए जाने से किसन मुष्किलो से घिर गए है। खरीदी केन्द्रो में धान बेचने के लिए पहुचे किसान अब खरीदी षुरू किए जाने का इतंजार कर रहे है। और इधर सहकारी समिति के प्रबंधक अपनी मांग पर अडे है की जब तक केन्द्रो से संपूर्ण धान का उठाव व परिवहन नही किया जाता है तब तक वे खरीदी बंद रखेगे।

जिले में 112 करोड 89 लाख की धान खरीदी

नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ चौकी के 27 धसस्न उपार्जन केन्द्रो में पखवाडे भर में 14404 किसानो से 4 लाख 87 हजार 830 क्विंटल धान खरदी की गई है। 3 दिसंबर की स्थिती में सरकार ने नए जिले में 112 करोड 89 लाख 37 हजार 768 रूप्ए की धान खरीदी की है। 15 नवंबर से धान खरीदी षुरू हुई है और हम यदि केन्द्रो से धान का उठाव व परिवहन की बात करे तो पखवाडे भर में मात्र 2320 क्विंटल धान का उठाव हुआ है। जानकारी के अनुसार सोसायटी में 4 लाख 85 हजार 510 क्विंटल धान का उठाव व परिवहन नही हुआ है। जिससे जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्र समस्याओ से घिरे हुए है और प्रबंधको को सुखत की मार की चिंता सता रही है। जिसके चलते उन्होने बुधवार से धान खरीदी बंद कर दी है।

परिवहन नही होने से केन्द्र में धान रखने को जगह नही

धान उपार्जन केन्द्रो में इस वर्श पखवाडे भर में साढे 14 सौ किसानो से 4 लाख 87 हजार 830 क्विंटल धान खरीदी कर ली गई है। जबकि केन्द्रो से धान के उठाव व परिवहन के मामले में प्रषासन पुरी तरह से फेल हो गया है। सहकारी समिति के पदाधिकारियो की माने तो केन्द्रो से धान का उठाव व परिवहन नही होने से केन्द्र में धान रखने को जगह ही नही है। और इधर खरीदे गए धान की सुरक्षा में सहकारी समितियो को अतिरिक्त राषि खर्च कर मेन पावर जुटानी पड रही है। इसके अलावा सहकारी समिति को यह चिंता भी खाए जा रही है की यदि केन्द्रो से धान का समय पर उठाव व परिवहन नही हुआ तो सूखत की मार उनके हिस्से में डाल दिया जाएगा जिससे उन्हे आर्थिक क्षति के अलावा अन्य समस्याओ का सामना करना पड सकता है। इसलिए भी सहकारी समितियो ने धान खरीदी बंद कर दी है।

1100 किसान केन्द्रो से बैरंग लौटे

नवीन जिला में जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ की ओर से धान खरीदी बंद कर दिए जाने का परिणाम किसानो को भोगनी पड रही है। आज नवीन जिले के 27 केन्द्रो में लगभग 1100 किसानो को उपज बेचने के लिए टोकन मिला हुआ था। लेकिन अचानक खरीदी बंद कर दिए जाने से किसानो को खासी परेषानियो का सामना करना पडा। उन्हे केन्द्रो से बिना धान बेचे बैरंग लौटना पड गया। इससे उन्हे आर्थिक क्षति के अलावा अन्य कई तरह की परेषानियो का सामना करना पड रहा है। सबसे अधिक परेषानी इस बात है की अब उन्हे अपना उपज बेचने के लिए फिर से टोकन लेनी पडेगी और अपनी बारी का इतंजार करनी पडेगी। अंबागढ चौकी सोसायटी में आज टोकन लेकर धान बेचने पहुचे संतोश पिता बिसौहा , तिलक पिता गहरू राम, यषवंत पिता बिसौहा साहू ने बताया की आज धान बेचने के लिए उन्हे टोकन मिला हुआ था। वे केन्द्र तक पहुच गए थे। और अब खरीदी बंद कर दिए जाने से उन्हे वापस घर लौटना पड रहा है। इससे उन्हे आर्थिक, मानसिक , षारीरिक सहित अन्य कई तरह की समस्याओ का सामना करना पडेगा। इसी तरह जिले के सभी केन्द्रो में धान खरीदी बंद होने से किसानो को परेषानियो का सामना करना पडा।

जिला कांग्रेस ने दी 6 को चक्काजाम की चेतावनी

नवीन जिले में धान खरीदी बंद कर दिए जाने से किसानो के साथ साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने सडक में आने की ठान ली है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी व मोहला मानपुर विधायक इन्द्रषाह मंडावी ने 6 दिसंबर को जिला मुख्यालय मोहला में धान खरीदी प्रारंभ किए जाने व किसानो को पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध कराने व धान खरीदी की समय सीमा बढाने तथा किसानो को समर्थन मूल्य की राषि 3217 रूप्ए एकमुष्त देने व टोकन से जुडी समस्याओ का तत्काल निकराएन की मांग को लेकर जिला मुख्यालय मोहला में 6 दिसंबर को चक्काजाम व विरोध प्रदर्षन की चेतावनी दी है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया की आंदोलन स्थानीय विधायक व कांग्रेस पदाधिकारियो की अगुवाई में होगा।

धान खरीदी में भाजपा सरकार विफल, किसान विरोधी चेहरा उजागर

मोहला मानपुर विधायक इन्द्रषाह मंडावी व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की नए जिले में भाजपा की डबल इजन सरकार धान खरीदी के मामले में पुरी तरह फेल हो गई है। कांग्रेस विधायक व जिलाध्यक्ष ने अरोप लगाया की सरकार में आने से पहले किसानो का हितैशी बनने के लिए लोकलुभावन वायदे करने वाली भाजपा का चाल, चेहरा व चरित्र उजागर हो गई है। कांग्रेसी नेताओ ने कहा की बीजेपी सरकार धान खरीदी के मामले में पुरी तरह बैकफुट में है। आरोप लगाया की सरकार किसानो को पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध नही करा पा रही है। केन्द्रो से 72 घंटे में धान के उठाव के अपने नियमो को सरकार को पलटनी पड गई है। केन्द्रो में किसानो को टोकन, भुगतान सहित अन्य व्यवस्थाओ को लेकर परेषान होना पड रहा है। कांग्रेस विधायक ने कहा की भाजपा सरकार किसानो का धान खरीदना ही नही चाह रही है। इसलिए जानबूझकर समस्याए पैदा कर लोगो को परेषान किया जा रहा है।

डॉ हेमेन्द्र भूआर्य- धान उपार्जन केन्द्रो में खरीदी जारी रखने के लिए सहकारी समिति से चर्चा की गई है। एवं केन्द्रो से धान का उठाव व परिहवन आज से प्रारंभ करा दिया गया है।

डोंगरगांव में अधूरी सड़क को लेकर फौहारा चौक में चक्काजाम आज

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर में बन रहे सड़क चौड़ीकरण को लेकर 5 दिसंबर गुरूवार को 12 बजे फौहारा चौक में ब्लाक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव के कार्यकर्ताओं द्वारा चक्का जाम का किया जाएगा विधायक प्रतिनिधि रवि शुक्ला ने बताया है कि लंबे समय से नगर में सड़क डामरीकरण चौड़ीकरण को लेकर पी डब्लू डी विभाग और ठेकेदार को पूर्व में सूचना देने के बाद भी लेट लतीफी किए जाने से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने चक्का जाम करने का निर्णय लिया गया है लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हुआ है इनके अलावा राहगीर नागरिकों को धूल से परेशानियों से सामना करना पड़ रहा है सड़क डामरीकरण और चौड़ीकरण के कार्य को ठेकेदार द्वारा अधूरे छोड़ने से सड़क से लगे दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है श्री शुक्ला ने चक्का जाम आंदोलन में कार्यकर्ताओं को शमिल होने का अनुरोध किया है।

देवरी में मिला नवजात का शव, क्षेत्र में हड़कम

खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)। जिले के ग्राम देवरी में मंगलवार सुबह एक नवजात शिशु का शव तालाब में तैरता हुआ मिला है।

इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही खैरागढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जानकारी अनुसार सुबह ग्रामीणों ने तालाब में एक अज्ञात वस्तु को तैरता हुआ देखा। करीब जाकर देखा तो वह एक नवजात शिशु का शव था। इस घटना से गांव में मातम छा गया है। ग्रामीणों ने दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की है। खैरागढ़ थाना प्रभारी अनिल शर्मा ने बताया कि, हम इस मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। नवजात के माता-पिता की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। झ

विद्युत व्यवस्था सुधारों नहीं तो होगा उग्र प्रदर्शन: कुलबीर

भाजपा राज में बिजली सप्लाई व्यवस्था ध्वस्त, ग्रामीण हो रहे परेशान

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिंघोला सब स्टेशन में बार-बार विद्युत प्रवाह अवरूद्ध हो रहा है जिसके कारण धामनसरा, सुरगी, मलपुरी, सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण अघोषित बिजली बंद से परेशान हो चुके है। वीआईपी कहे जाने वाले राजनांदगांव में आए दिन बिजली गुल हो रही है जिसके कारण चोरी जैसी वारदातें बढ़ रही है, किन्तु विद्युत कंपनी के अफसरों के साथ-साथ भाजपाई नेताओं के कान में जू तक नहीं रेंग रहा। जिसको लेकर 04 दिसंबर बुधवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ज्ञापन देने पहुंचे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने अफसरों को चेताते हुए कहा कि सिंघोला सब स्टेशन के विद्युत व्यवस्था

सुधारों नहीं तो अंजाम भुगतने को तैयार रहो। ग्रामीण अंचल में अंधेरे की वजह से असामाजिक तत्वों द्वारा आसानी से लूट, हत्या, चोरी जैसी वारदातें को अंजाम देती है। ग्रामीणों द्वारा बिजली बंद की शिकायत कई बार कर चुके है, फिर व्यवस्था जस की तस बनी हुई है। कहने को तो राजनांदगांव विधानसभा वीआईपी जिला कहलाता है परंतु समस्या सुनने वाला कोई नहीं क्योंकि यहां के विधायक व सांसद राजनांदगांव को से कोई मतलब ही नहीं रखते है। राजनांदगांव का दुर्भाग्य है कि यहां के विधायक, पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह का विधानसभा क्षेत्र है, इनके बावजूद बिजली अवरूद्ध रहता है। हम कांग्रेस कई बार यहां के विधायक का ध्यानाकर्षण कराया उसके बावजूद भी समस्या यथावत है कोई सुधार नहीं हुआ है। यहां के विधायक डा.रमन सिंह अपने क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था नहीं सुधार पा रहे हैं ये बड़ी ही सोचनीय विषय है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने विद्युत विभाग को लचर बना दिया है। अफसरों को चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस जनता के हित में सड़क की लड़ाई लड़ी है। विद्युत व्यवस्था नहीं सुधरी तो आने वाले दिनों में स्थानीय विधायक डा.रमन सिंह का पुतला दहन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व जनपद सदस्य योगेन्द्र दास वैष्णव, डोमार साहू, लोकेश गंगवीर, सरपंच दिब्लू साहू, सरपंच केशव हिरवानी, उपसरपंच कृतलाल, मुकेश, रोशन साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

नगर पालिका में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने कलेक्टर ने गठित की जांच टीम

खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)। स्वच्छता श्रृंगार योजना में भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच कलेक्टर चन्द्रकान्त वर्मा ने जिला स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। यह समिति स्वच्छता श्रृंगार योजना में व्यापक पैमाने पर हुये कथित भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करेगी।

विधायक प्रतिनिधि कपिनाथ महोबिया द्वारा जिलाधीश कार्यालय में दायर शिकायत में आरोप लगाया गया है कि स्वच्छता श्रृंगार योजना के तहत आबंटित धनराशि का दुरुपयोग किया गया है और इस राशि से पूरे वार्ड में शौचालयों का निर्माण तक नहीं हो पाया है। इस गंभीर आरोप के मद्देनजर कलेक्टर ने त्वरित कार्रवाई करते हुये जांच समिति का गठन किया है। जांच समिति के सदस्य अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी नगरीय निकाय सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, खैरागढ़ एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, हाल ही में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) मनीष साहू को शामिल किया गया है।

नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता इडस्ट्रीयल ऐरिया एवं कौरिनभाठा रोड से हटाये अवैध ठेला

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शहर में अतिक्रमण कर ठेला खोमचा एवं पसरा लगाने वालों को समझाईस देने व हटाने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित निगम का अतिक्रमण दस्ता आज ममता नगर इडस्ट्रीयल ऐरिया एवं बसंतपुर कौरिनभाठा रोड मे अवैध रूप से दुकान संचालित करने रखे ठेला को आज हटाने की कार्यवाही किये और इसी प्रकार अन्य स्थल में रखे ठेला खोमचा वालो को हटाने समझाईस दी जा रही है।शहर के चौक चौराहा एवं रोड में अतिक्रमण कर अनाधिकृत रूप से पसरा एवं ठेला खोमचा लगाकर अधिकांश लोगों के द्वारा व्यवसाय किया जाता है, जिससे यातायात बाधित होती है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जिसे ध्यान में रखकर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने निगम के भवन अधिकारी एवं अतिक्रमण दस्ता को अनाधिकृत पसरा हटाने तथा ठेला खोमचा वालों को व्यवस्थित लगाने समझाईस देने के निर्देश दिये। निर्देश के अनुक्रम में निगम का दस्ता ठेला खोमचा हटाने तथा दुकान का समान दुकान की सीमा में रखने समझाईस दे रहे है, साथ ही कार्यवाही भी कर रहे है। इसी कडी में इडस्ट्रीयल ऐरिया में सडक किनारे ठेला रखकर सेलून, पान ठेला व साईकिल मरम्मत दुकान का संचालन किया जा रहा था, उसी प्रकार बसंतपुर कौरिनभाठा रोड में नाली के उपर ठेला लगाने प्लेटफ्रम बनाया जा रहा था, जिसे हटाने समझाईस दी गयी थी, नहीं हटाने पर आज उक्त दोनो क्षेत्र से ठेला हटाने की कार्यवाही की गयी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अपील करते हुये कहा है कि शहर के चौक चौराहो एवं रोड में पसरा व ठेला खोमचा न लगावे। रोड में पसरा आदि लगाने

से यातायात बाधित होने के साथ साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उन्होने कहा कि निगम का अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्यवाही करेगी उससे पूर्व हटा लेवे अन्यथा बिना सूचना के हटाने की कार्यवाही की जावेगी। अतिक्रमण हटाने के दौरान उप अभियंता श्री अनिमेष चंद्राकर, प्र.पटवारी श्री मिलीन्द रेड्डी व श्री गणेश झा सहित अतिक्रमण दस्ता उपस्थित था।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com